## संक्षिप्त

### पशु स्वास्थ्य शिविर एवं किसान संगोष्ठी

**मालपुरा, (निसं)।** केन्द्रीय भेड एवं ऊन अनुसंधान संस्थान अविकानगर द्वारा अनुसुचित जाति उपयोजना के अन्तर्गत अंगीकृत गांव गोपालपुरा में मंगलवार को पशु स्वास्थ्य शिविर व किसान संगोष्ठि का आयोजन किया गया। संस्थान मे चल रही योजना के अन्तर्गत आयोजित शिविर में 50 महिला एवं पुरूष किसानों ने 250 बकरियों का स्वास्थ्य परीक्षण करवा उपचार का लाभ लिया। संस्थान निदेशक डॉ. अरूण कुमार तोमर ने कहा कि संस्थान द्वारा चलाई जा रही उपयोजना के तहत किसानों के लिये किये जा रहे कार्यों व संस्थान द्वारा योजना का अधिक से अधिक लाभ किसानों को उठाना चाहिये। जिससे की उनकी आजीविका मे वृद्धि हो सके। निदेशक तोमर ने किसानों को रेवड में उन्नत नस्ल पशुओं के महत्व व उसके फायदे के साथ-साथ रेवड में बेहतर प्रबंधन एवं स्वास्थ्य प्रबंधन के लाभ के बारे मे अवगत करवाया। डॉ. तोमर ने निर्वाचन विभाग द्वारा चलाये जा रहै स्विप कार्यक्रम की जानकारी दे किसानों को अपने वोट की ताकत का महत्व बता ज्यादा से ज्यादा मतदान की अपील की। शिविर के दौरान संस्थान के वरिष्ठ वैज्ञानिक भी मौजूद रहे।

### चुनाव सामग्री वितरित की

**निवाई, (निसं)।** सहायक रिटर्निंग ऑफिसर सुरेश कुमार हरसोलिया के निर्देशन में सेक्टर प्रभारियों को दक्ष प्रशिक्षक त्रिलोकचंद जैन द्वारा प्रशिक्षण दिया तथा चुनाव सामग्री वितरित की गई। सहायक रिटर्निंग ऑफिसर सुरेश कुमार हरसोलिया ने बताया कि दक्ष प्रशिक्षक त्रिलोकचंद जैन ने सेक्टर प्रभारियों को प्रशिक्षण में चुनाव सामग्री, ईवीएम की उपयोगिता के बारे में विस्तार से बताया। त्रिलोकचन्द जैन ने बताया कि सेक्टर प्रभारी के पास रखी ईवीएम की सुरक्षा की जिम्मेदारी स्वयं की है। पुलिस सुरक्षा में गाडी में ईवीएम को रखा जाए। उन्होंने मॉक पॉल व मतदान के समय ईवीएम खराब होने पर कौनसा पार्ट बदले जाने की जानकारी दी। प्रशिक्षण के बाद सेक्टर प्रभारियो को चुनाव सामग्री में बीयू कम्पार्टमेंट व डस्टबिन आदि वितरित की गई। इस अवसर पर नायब तहसीलदार बीएल जागिड व निर्वाचन शाखा प्रभारी अमित जोशी सहित सभी सैक्टर व रिजर्व सैक्टर प्रभारी मौजूद थे।

### बैठक में शोभायात्रा निकालने का निर्णय

**कोटपूतली, (निसं)।** संत शिरोमणि सैन महाराज की 724वीं जयंती आगामी 5 मई को बडे ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाई जायेगी। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर मंगलवार को राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित सैन समाज के मंदिर में रामकुंवार सैन व रामौतार सैन की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। सैन जयंती प्रधान कैलाश चंद पचेरिया नारेहडा ने बताया कि बैठक में आगामी 5 मई रविवार को सैन महाराज की 724वीं जयंती पर हर वर्ष की भांति भव्य शोभा यात्रा, झांकी, कलश यात्रा, मूर्ति पूजा, महाआरती, बाबा की भेंट, लेखा-जोखा, समाज उत्थान व मंदिर निर्माण हेतु विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान श्री नारायणी सेना अध्यक्ष ओमप्रकाश सैन, नेतराम सैन, वेदप्रकाश सैन, बैध श्यामलाल, उदमीराम, संजय खेडकी, सुरेश गोरधनपुरा, राकेश खड़ब, कृष्ण सैन, अशोक बखराना, राधेश्याम सागटेडा, भम्भुराम, विनोद दांतिल, संजीव मास्टर, मालाराम मलाला व कैलाश सैन सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### करंट लगने से युवक की मौत

**बौंली-बामनवास, (निसं)।** क्षेत्र के लालसोट-बौंली सडक मार्ग के पावर हाउस के पास विद्युत लाइन की चपेट में आने से बबलू शाह 22 वर्ष निवासी बौंली की मौत हो गई। इस मामले में मृतक के ताउ निजाम शाह ने बौंली थाने में रिपोर्ट दर्ज करा कर बताया कि मृतक बबलू अपने खेत पर कार्य कर रहा था इसी दौरान विद्युत लाइन का तार टूट कर गिर गया जिससे उसकी मौत हो गई। इस मामले को लेकर बौंली के अधिशासी अभियंता नवीन चंद्र भंडारी जयपुर डिस्काम ने बताया कि क्षेत्र में मंगलवार को कहीं भी विद्युत लाइन का तार टूट कर नहीं गिरा है। मृतक डंपर पर चढकर वेल्डिंग का कार्य कर रहा था इसी दौरान लोहे का पाइप विद्युत लाइन से छू गया। पुलिस ने मृतक के शव का बौंली चिकित्सालय में पोस्टमार्टम कराकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया एवं मृग दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# एटीएम उखाड़ने वाली गैंग का सरगना 36 घंटे बाद गिरफ्तार

- खैरथल पुलिस सीसीटीवी फुटेज व डीएसटी और साइबर सेल की मदद से आरोपी तक पहुंची

**खैरथल, (निसं)।** औद्योगिक क्षेत्र खैरथल में रिजर्व पुलिस लाइन के सामने पंजाब नेशनल बैंक के लगे एटीएम को 2 दिन पहले उखाड कर ले गए अज्ञात बदमाशों की अंतर्राज्यीय गैंग के कुख्यात सदस्य सलीम उर्फ पहलवान मेव को डीएसटी पुलिस टीम की मदद से गठित पुलिस टीम ने वारदात के समय उपयोग में ली गई क्रेटा कार व एटीएम से निकाली गई 3.50 लाख की राशि के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी की निशान देही से उखाडकर ले गई एटीएम मशीन को टपूकडा के पास सुनसान इलाके से बरामद कर लिया है।



खैरथल पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर उपयोग में ली कार, नगदी व एटीएम मशीन बरामद की।

एसपी मनीष कुमार ने प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि एटीएम उखाडकर ले जाने के आरोप में पुलिस की पकड में आया कुख्यात आरोपी सलीम उर्फ पहलवान मेव हरियाणा के नीमका बिछोर का रहने वाला है। आरोपी के विरुद्ध विभिन्न राज्यों में अपराधिक घटनाओं के मामले दर्ज हैं जो न्यायालय में विचाराधीन हैं। पुलिस की पकड में आए सलीम उर्फ पहलवान मेव के गिरोह के अन्य साथियों की तलाश जारी है।

उन्होंने बताया कि 21 अप्रैल की मध्य रात्रि खैरथल के इस्माइलपुर रोड औद्योगिक क्षेत्र स्थित पंजाब नेशनल बैंक के एटीएम को अज्ञात बदमाश उखाड कर ले गए थे। करीब 27 लाख रुपए एटीएम मशीन के अंदर बताए गए थे। वारदात को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम गठित की गई। डीएसटी पुलिस टीम व विभिन्न पुलिस थानों की गठित टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 36 घंटे में गैंग का पर्दाफाश कर आरोपी को पकड़ने में सफलता हासिल की है।

एसपी मनीष कुमार ने बताया कि उमेशचन्द दत्ता आई.पी.एस. महानिरीक्षक पुलिस जयपुर के निर्देशन पर रतनलाल भार्गव आर.पी.एस. अति.पुलिस अधीक्षक जिला खैरथल-तिजारा एंव राजेन्द्र सिंह आर.पी.एस. वृताधिकारी वृत किशनगढबास के निकटतम पर्यवेक्षण में दिनेश कुमार उ.नि. थानाधिकारी पुलिस थाना खैरथल व राकेश कुमार उ.नि. प्रभारी डीएसटी टीम के नेतृत्व में पुलिस थाना खैरथल व डीएसटी टीम द्वारा लगातार सूचना संकलित कर दबिश देकर अन्तर्राज्यीय मेवात गैंग के मुलजिम सलीम उर्फ पहलवान मेव निवासी नीमका थाना बिछोर जिला नूँह मेवात हरियाणा को गिरफ्तार किया गया।

21 अप्रैल को पंजाब नेशनल बैंक शाखा खैरथल शाखा प्रबंधक बलराम मीणा ने मामला दर्ज कराया था की पंजाब नेशनल बैंक के ईस्माईलपुर रोड खैरथल पर स्थित ए.टी.एम मशीन को रात्री को अज्ञात मुलजिमान उखाडकर ले गये। ए.टी.एम मशीन में करीब 27,00000 रुपये नगद राशि थी। बैंक के शाखा प्रबंधक की और से एटीएम उखाड कर ले जाने की दर्ज कराई रिपोर्ट पर गठित पुलिस पुलिस टीम व डीएसटी टीम के सदस्यों ने घटनास्थल के आसपास सीसीटीवी फुटेज चैक किये। फुटेज में तीन-चार व्यक्ति ए.टी.एम मशीन को एक सफेद रंग की क्रेटा गाडी से रस्सा डालकर खेंचकर ले जाते हुये नजर आये। इसके बाद पुलिस गठित टीमों द्वारा घटनास्थल आने जाने वाले रास्तों पर लगातार सीसीटीवी फुटेज चैक किये गये। तलाश के दौरान डीएसटी जिला खैरथल के सद्दीक स.उ.नि को मुखबिर खास द्वारा प्राप्त इतला पर मुलजिम सलीम उर्फ पहलवान को राजस्थान उतरप्रदेश बोर्डर के पास स्थित नेरा गाँव से दस्तयाब कर गिरफ्तार किया गया। मुलजिम सलीम उर्फ पहलवान से पूछताछ के दौरान मुलजिम की इतला पर घटना में प्रयुक्त वाहन क्रेटा कार व ए.टी.एम मशीन से निकाले गये 3,50,000 रूपये मुलजिम सलीम उर्फ पहलवान के घर स्थित ठााम नीमका थाना बिछोर हरियाणा से बरामद किया गया।

मुलजिम सलीम उर्फ पहलवान ने पूछताछ में बताया की रूपये निकालने के बाद मैने व मेरे साथियों ने ए.टी.एम मशीन को टपूकडा के पास सुनसान जगह पर फेंक दिया था। जिस इतला पर ए. टी. एम मशीन को टपुकडा के पास से बरामद किया गया। पुलिस की पकड में आए कुख्यात मेवात गैंग के सदस्य सलीम उर्फ पहलवान मेव ने पुलिस को पूछताछ के दौरान बताया कि घटना को अंजाम देने से पहले घटनास्थल एंव घटनास्थल तक आने-जाने वाले रास्तो की एक-दो दिन पूर्व रैकी की जाती थी। घटना को अंजाम देने के बाद सुनसान रास्तो का उपयोग करते एंव जिस रास्ते से आते थे उस रास्ते का घटना के बाद उपयोग न कर अलग रास्ते का चयन करते थे।

ए.टी.एम रूम में पडे पर्ची व नोटों की गड्डी के ऊपर के कागज देखकर मुलजिम अंदाजा लगाते थे की ए. टी. एम में एक-दो दिन के अन्तराल में रूपये डाले गये है। मुलजिमान घटना को अंजाम देने में उपयोग में लेने वाले वाहन की नम्बर प्लेट वारदात करने से पूर्व हटा देते है व ए.टी.एम मशीन में रस्सा डालकर गाडी से खींचकर उखाडते है व घटनास्थल से दूर सुनसान जगह पर ले जाकर गाडी में रखकर सुनसान रास्तों से निकल जाते है। एसपी ने बताया गैंग का पर्दाफाश करने व आरोपी तक पहुंचने में विशेष भूमिका डीएसटी टीम के सहायक उपनिरीक्षक सादिक खान की रही है। पुलिस गठित टीम में दिनेश कुमार उ.नि. थानाधिकारी पुलिस थाना खैरथल, राकेश कुमार उ.नि प्रभारी डीएसटी टीम जिला खैरथल, सद्दीक स.उ.नि., हरविलाश स.उ.नि,कृष्ण कुमार हैड, महेश कुमार ,गोवर्धनलाल पुष्पेन्द्र सिंह, हरीश कुमार, सुनील कुमार कानि.साईबर सैल खैरथल व सहयोगी टीम सदस्यों में नन्दलाल जांगीड उ.नि. थानाधिकारी पुलिस थाना कोटकासिम मय टीम, अंकेश कुमार उ.नि. थानाधिकारी पुलिस थाना ततारपुर मय टीम, मुकेश कुमार उ.नि.प्रभारी डीएसटी जिला जयपुर ग्रामीण मय टीम, लक्ष्मण, रमेश चन्द, ब्रहमसिंह, भोजराज, विजयसिंह, अजयसिंह, धनपालसिंह कानि पुलिस थाना खैरथल रहे।

# निवाई में भव्य मतदाता जागरूकता गैलरी सजाई

**निवाई, (निसं)।** मतदाता जागरूकता स्वीप कार्यक्रम के तहत राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बस्सी में एक भव्य मतदाता जागरूकता गैलरी का निर्माण किया गया है।

इसमें चुनाव के विभिन्न विषयों जैसे मतदान केंद्र, मतदान का दृश्य मेरा वोट मेरा अधिकार, मतदाता हस्ताक्षर अभियान, पोस्टर, नारे तीन तरह के सेल्फी पॉइंट्स आमंत्रण पत्र, मतदान विधि, चित्र पोस्टर, वॉल हैंगिंग बनाया गया है। रिटर्निंग अधिकारी सुरेशकुमार हरसोलिया के आदेशसनुसार स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाताओं को जागरूक करने के लिए मतदाता जागरूकता गैलरी दो दिनो तक सभी आमजन के लिए खुली है। पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी डॉ कुसुम कौशिक ने बताया कि लोकसभा चुनाव में महिलाओं में मतदान के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने के लिए एवं महिला मतदान का प्रतिशत में वृद्धि के लिए गैलरी देखने गांव की महिलाओं व आंगनबाडी कार्यकर्ताओं ने भी इसमें भाग लिया। साथ ही रास्ते से गुजर रहे ग्रामीणों ने भी गैलरी का अवलोकन किया। विद्यालय के बच्चों ने भाग लिया। इस अवसर पर रामराज मीणा, जोया अमरीन खान, चांदमल मीना, रवीना जैन, हनुमानप्रसाद मीणा, हरकेश मीणा, रजनी मीणा, राजकुमार बैरवा, सुरेशचंद्र बैरवा, प्रहलाद बैरवा, रमेशकुमार वर्मा, मीनाक्षी गुर्जर व निर्मलकुमार शर्मा सहित कई छात्र-छात्राएं मौजूद थे।



निवाई के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बस्सी में भव्य मतदाता जागरूकता गैलरी का निर्माण किया गया है।

# चुनावी सभा द्वारा कांग्रेस प्रत्याशी को जिताने का आव्हान

**निवाई, (निसं)।** ललवाडी चौराहे पर स्थित पूर्व विधायक प्रशान्त बैरवा के फार्म हाउस पर आयोजित चुनावी सभा में मंगलवार को कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविन्दसिंह डोटसरा, प्रदेश प्रभारी सुखजिंदरसिंह रंधावा व पूर्व विधायक प्रशान्त बैरवा ने कार्यकर्ताओं से टोंक सवाईमाधोपुर लोकसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी हरीश मीणा को अधिक से अधिक मतदान करवाकर जिताने को आव्हान किया गया।

चुनावी सभा में प्रदेश प्रभारी सुखजिंदरसिंह रंधावा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि जो अपने क्षेत्र की बात नहीं कर सकता उसका हक नहीं है वोट लेने का, जो जाति धर्म के ऊपर राजनीति करता है, वह देश का सबसे बड़ा दुश्मन है। कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंदसिंह डोटासरा ने कहा कि सभी जातियों एवं सभी धर्मो के लोगों को साथ लेकर लोकसभा का चुनाव जीतना है। पूर्व विधायक प्रशांत बैरवा ने मौजूद कार्यकर्ताओं से हाथ खड़ा करवाकर कांग्रेस प्रत्याशी मीणा को जिताने का आश्वासन दिलवाया।

कांग्रेस प्रत्याशी हरीशचन्द्र मीणा ने कहा कि आगामी चुनाव को लेकर कार्यकर्ता कमर कसें। इस दौरान कमेटी अध्यक्ष एडवोकेट शंकरलाल चौधरी, शहर अध्यक्ष पारस पहाडी, महावीरप्रसाद पराणा, प्रदीप पारीक, राजेश चौधरी, हंसराज मीणा पीपलू, हंसराज गाता, सीताराम शर्मा अलियाबाद, पप्पूलाल मीणा, सरपंच मदनलाल मीणा, हनुमान मीणा, चंद्रपाल मीणा चोरपुरा, कैलाश मीणा, कैलाश बेनीवाल, देवालाल गुर्जर सींदरा, एडवोकेट सतीश शर्मा, राजेश पारीक खंडवा, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष बाबूलाल मीणा, विक्रमसिंह गुर्जर, मुरारीलाल मीणा, मुकेश मीणा, बंटी मीणा, शिवराज करीरिया व रामप्रसाद परिडवाल सहित कांग्रेस के सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

# हनुमान जन्मोत्सव पर विभिन्न झांकियों के साथ निकाली गई शोभायात्रा

- बजरंगबली के चोला चढ़ाकर विशेष पूजा अर्चना एवं सुंदरकांड का पठन हुआ

**कोटपूतली, (निसं)।** कस्बे सहित उपखण्ड क्षेत्र में मंगलवार को श्री हनुमान जन्मोत्सव का पर्व धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर विभिन्न मंदिरों की विशेष साज सज्जा कर भगवान श्री हनुमान की मूर्तियों का भी विशेष श्रृंगार किया गया साथ ही सुन्दरकाण्ड पाठ, भजन, यज्ञ-हवन व विशाल भण्डारों का आयोजन भी हुआ। इस मौके पर आयोजित विशाल भण्डारों में श्रद्धालुओं ने पंगत प्रसादी भी ग्रहण की।

कस्बे के बडाबास मौहल्ला स्थित श्री अखाडा वाले संकट मोचक हनुमान मंदिर के वार्षिकोत्सव समारोह के उपलक्ष्य में विशेष सजावट कर झांकी सजाई गई। पं. हेमंत शास्त्री व पं. नानगराम के सानिध्य में रामायण पाठ व हवन यज्ञ के साथ दो दिवसीय कार्यक्रम का समापन हुआ।



कोटपूतली में अखाड़ा वाले संकटमोचन हनुमान मन्दिर में बाबा का दरबार सजाया व पुष्प मालाओं से बालाजी की झांकी सजाई।

**फुलेरा।** कस्बे में मंगलवार को विभिन्न मन्दिरों में हनुमान जन्मोत्सव (हनुमान जयंती) के अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए। जानकारी के अनुसार हलवाई बाजार स्थित कुकू बाबा की बगीची परिसर में जय बजरंग मानस मण्डल व्यवस्था समिति के तत्वाधान में 19 वां वार्षिक सुन्दरकाण्ड एवं भजन कीर्तन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसी क्रम में श्रीरामनगर स्थित बालाजी बगीची परिसर में श्री बजरंग बाल सेवक मण्डल के तत्वावधान में सुन्दरकाण्ड पठन महाआरती एवं भोग प्रसाद, श्री रामायणजी की शोभायात्रा एवं जूलुस महाआरती, भोग प्रसाद व भण्डारे का आयोजन किया गया। इसी तरह पुराना फुलेरा के प्राचीन पंचमुखी बालाजी मन्दिर परिसर में पंचमुखी बालाजी सेवा समिति के तत्वावधान में 11 वां विशाल वार्षिक मेला महोत्सव आयोजित किया गया। इस दौरान बालाजी की पुष्प मालाओं से भव्य श्रृंगार कर झांकी सजाई गई। साथ ही अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

**किशनगढबास।** पुराना बाजार स्थित हनुमान मंदिर पर हनुमान महाराज का जन्म उत्सव धूमधाम से मनाया गया। आयोजन समिति के नवीन जैन ने बताया कि मंगलवार को पुराना बाजार स्थित हनुमान मंदिर पर रामायण पाठ के समापन पर हवन यज्ञ व विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में 5000 से अधिक श्रद्धालुओं ने पंगत में बैठकर प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक रामहेत यादव थे। पूर्व विधायक यादव का आयोजन समिति के मदनलाल अग्रवाल विनय गोयल चंद्र प्रकाश शर्मा राजेंद्र मित्तल सहित सदस्यों ने दुपट्टा पहना कर सम्मान किया।

**सांभरझील।** हनुमान जन्मोत्सव व चैत्र शुक्ल पूर्णिमा के मौके पर देवयानी तीर्थ स्थल पर सैकडों की तादाद में सांध्यकाल तक महिला श्रद्धालुओं ने कुंड में स्नान किया व अनेक मंदिरों में श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना की। सुंदरकांड व हनुमान चालीसा का पाठ किया। मंदिर पुजारियों ने हनुमान जी की प्रतिमा के सिंदूर का चोला चढाया। इत्र लगाकर पुष्पों की माला से प्रतिमा का भविष्य श्रृंगार किया। सिंघानिया का मोहल्ला स्थित हनुमान मंदिर, मालियों का मंदिर, पुरानी धान मंडी स्थित बालाजी मंदिर, अमलेश्वर महादेव, संकट मोचन हनुमान मंदिर, पंचमुखी बालाजी, मनकामेश्वर मंदिर, देवयानी स्थित बड के बालाजी मंदिर के अलावा श्रद्धालुओं ने जागेश्वर दरबार में भी पूजा अर्चना की।

**बौंली-बामनवास।** क्षेत्र में मंगलवार को राम भक्त हनुमान जी का जन्मोत्सव हर्षोल्लास एवं परंपरागत तरीके से मनाया गया। इस अवसर पर सभी बालाजी मंदिरों में बजरंगबली के चोला चढाकर विशेष पूजा अर्चना एवं सुंदरकांड का पठन किया गया। कार्यक्रम में रामबाडी बालाजी सहित क्षेत्र के अलुदा बालाजी, बामनवास बालाजी आदि प्रमुख मंदिरों में सुंदरकांड व हनुमान चालीसा का भक्ति मय संकीर्तन किया गया। प्रमुख कार्यक्रम खेड़ापति बडे बालाजी पर आयोजित किया गया जिसमें भक्त जनों ने हनुमान जन्मोत्सव के दौरान खेड़ापति बड़े बालाजी से भव्य शोभा यात्रा निकाली शोभा यात्रा खेड़ापति बडे बालाजी से शुरू होकर प्रमुख बस स्टैंड, सदर बाजार, जगत शिरोमणि जी रोड, से छोटा बाजार होते हुए वापस खेड़ापति बड़े बालाजी के जाकर विसरश्जीत हुई इस दौरान भक्त जनों ने शोभा यात्रा पर पुष्प वर्षा की।

**राजगढ।** कस्बे के बांदीकुई मार्ग स्थित धार्मिक आस्था के शेखा की बगीची हनुमान मंदिर पर हनुमान जयंती श्रद्धा एवं भक्ति के साथ उल्लास के साथ मनाया। अनेक झांकियां के साथ निकाली गई शोभायात्रा प्रमुख आकर्षण का केंद्र रही। इस अवसर पर महंत बाल संत नवल दास महाराज एवं अन्य साधु संतों ने रोचक करतब दिखाकर श्रद्धालुओं का भरपूर मनोरंजन किया। इससे पूर्व गणेश पोल स्थित गणेश मंदिर से आकर्षक झांकियां के साथ श्रद्धा एवं भक्ति के माहौल में हनुमान जी महाराज की जयकारे के उद्घोष के साथ शोभायात्रा प्रारंभ हुई। इसमें अनेक झांकियां सजाई गई। भाग्य कलश यात्रा एवं शोभा यात्रा का प्रमुख बाजारों में धर्म प्रेमी लोगों की ओर से पुष्प वर्षा कर अभिनंदन किया गया। प्रमुख बाजारों से होती हुई शोभायात्रा शेखा की बगीची हनुमान मंदिर पर पहुंची। हनुमान मंदिर पर महा आरती के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। रात्रि को विशाल जागरण में गायक कलाकारों ने एक से बढकर एक भजन प्रस्तुत कर श्रोताओं की तालियां बटोरी।

**गोविंदगढ़/अलवर।** गोविंदगढ कस्बे में मंगलवार को हनुमान जन्म उत्सव पर शोभा यात्रा कुंडा मंदिर से होकर गोविंदगढ कस्बे के मुख्य बाजारों से झांकियां निकाली गई। कस्बे वासियों ने झांकियों का भरपूर आनंद लिया। झांकी में महिला पुरुष बच्चे सभी को ठंडाई एवं फल वितरित किए। जय श्री राम और बजरंगबली के नारे लगे। पुलिस प्रशासन भी पूरी मुस्तेदी के साथ मौजूद रहा।

**निवाई।** विहिप व बजरंग दल के तत्वावधान में हनुमान जन्मोत्सव को लेकर मंगलवार की सुबह प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभात फेरी का शुभारंभ मोरिया वाले बालाजी के मंदिर में दर्शनों के साथ किया गया। प्रभात फेरी बालाजी के मंदिर से रवाना होकर मुख्य सडक मार्ग से होते हुए जमात में स्थित अखाडे वाले बालाजी मंदिर परिसर पहुंची। प्रभात फेरी में शामिल कार्यकर्ता जय श्रीरा व भक्त हनुमान के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। प्रभात फेरी के अखाडा वाले बालाजी के मंदिर पहुंची और कार्यकर्ताओं ने संगीतमय संकीर्तन किया।

## सार-समाचार

### बालाजी का श्रृंगार मुख्य आकर्षण रहा

**श्रीमाधोपुर, (निसं)।** कस्बे के निकट आस्था के प्रतीक श्री पोला दास बालाजी का मेले का आयोजन मंगलवार को हुआ। श्री पोलादास मंदिर पुजारी पूर्ण दास महाराज ने बताया कि सोमवार को रात्रि में हवन व भजन संध्या का आयोजन किया गया। 23 अप्रैल मंगलवार को दोपहर से इनामी कुश्तीयां की गई व रात्रि में जयपुर के प्रसिद्ध कलाकार ऑन द्वारा विशाल भजन संध्या का आयोजन किया गया । बाबा का भव्य श्रृंगार मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा। महाराज ने बताया कि कुश्ती 2:15 बजे से शुरू की गई जो शाम तक पूर्ण हुई जिसमें 51 रुपए, 101 रुपए, 251 रुपए की पांच पांच कुश्तीया तथा 501, 751, 1100 रुपए की दो-दो कुर्तियां वही 21 सौ, 31सौ, 51 सौ, तथा 71 सौ रुपए की एक-एक कुश्ती कराई गई । महाराज ने बताया कि मंदिर में हजारों भक्तों ने बालाजी के धोखा लगाकर मनोकामना की है। वहीं श्याम को जयपुर के प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति दी है जिसमें भक्त मंत्रमुग्ध हो गए वहीं महिलाएं भी काम नहीं रही पुरुषों से भी अधिक महिलाएं मौजूद रही।



### वोट वृक्ष के साथ जागरूकता रैली निकाली

**पीपलू, (निसं)।** लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढाने को लेकर विभिन्न प्रकार के जतन किए जा रहे है। स्वीप सतरंगी सप्ताह के अंतिम दिन मंगलवार को ग्राम पंचायत पीपलू से भूतेश्वर मंदिर तक वोट वृक्ष के साथ जागरूकता रैली निकाली गई। रैली को स्वीप सहप्रभारी नरेन्द्रकुमार सौंगाणी, सीबीईओ विष्णु शर्मा, सहायक विकास अधिकारी सत्यनारायण पारीक, कानाराम चौधरी, प्रहलादराम बैरवा, ग्राम विकास अधिकारी राजेन्द्रसिंह राजावत, कुशराजसिंह राजावत व पर्यवेक्षक ललिता साहू ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। भूतेश्वर तालाब पर पहुंचकर लालच पर होगी चोट, सोच समझकर करेंगे वोट की गूंज के साथ आंगनबाडी कार्मिकों ने दीपदान किया। इस दौरान रिसोर्स पर्सन गोवर्धनप्रसाद स्वर्णकार ने फीकी है हर चुनरी, फीका हर बंधेज है, 26 अप्रैल को जो मतदान करेगा वही तो असली रंगरेज है गाने के साथ सभी को मतदान के प्रति प्रोत्साहित किया। मतदाता जागरूकता को लेकर आंगनबाडी कार्मिक संतोक चौधरी टीम ने वोट वृक्ष तैयार किया। भूतेश्वर उद्यान में म्यूजिकल डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रतिभागी कार्मिकों ने आयो वोटा रों त्यौहार, मैं हूं भारत, हम भारत के मतदाता गीतों पर नृत्य किया। इसमें विजेता कृष्णा सोनी प्रथम, संतोक चौधरी द्वितीय व शमा परवीन तृतीय स्थान पर रही। विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान आशुतोष दाधीच, अखिलेश नामा, सीताराम चौधरी, हरिराम चौधरी, एलडीसी सुरेश बैरवा, हनुमानप्रसाद यादव, शिक्षक अर्जुन गुर्जर, कृषि पर्यवेक्षक मनफूल रैगर व बीएलओ राकेश नामा सहित कई कर्मचारी मौजूद थे।

### रामनाम संकीर्तन का आयोजन



**मालपुरा, (निसं)।** हनुमान जयंती के पावन पर्व पर मालपुरा शहर सहित समुचे उपखण्ड क्षेत्र में हनुमान मंदिरों में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किये गये। रामदूत हनुमान की प्रतिमाओं को पंचामृत से स्नान करवा मंदिरों में रामनाम संकीर्तन का आयोजन किया गया। हनुमान जन्मोत्सव पर मंदिरों में जय-जय श्रीराम के जयघोष गूंज उठे। शंखनाद के साथ हनुमानजी की महाआरती की गई। समिति के राधेश्याम शर्मा गिरदावर, सत्यनारायण गोवला, राधे राधे सोनी, रामबाबू विजय, राजाराम वैष्णव, गोरधन सोनी, श्याम सुन्दर सोनी सहित कॉलोनीवासियों ने प्रतिमाओं को जलाभिषेक कर पूण्य अर्जित किया। वही सदरपुरा में नाडी वाले भैरूजी धाम आयोजित नवरात्री पाठ पूर्णाहुति कार्यक्रम में पहुंचे नरेणा दादूदयाल पीठाधीश्वर संत ओमप्रकाश दास महाराज की भव्य शोभायात्रा निकाली गई।

### स्वामी प्रज्ञानंद ने किए श्याम बाबा के दर्शन

**खाटूश्यामजी, (निसं)।** हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर नवनियुक्त शंकराचार्य स्वामी प्रज्ञानंद सरस्वती ने बाबा श्याम के दर्शन किए। शंकराचार्य घोषित होने के बाद प्रथम बार खाटूश्यामजी आगमन पर श्याम दर्शन के पश्चात अपने अनुयायी, शिष्य वैद्य मालीराम सरोज, शिक्षक राजेंद्र, सुभाष तथा एडवोकेट भानूप्रकाश सरोज के निज निवास शांति कुंज,मंढा रोड पधारे जहां मालीराम राजेंद्र सरोज के नेतृत्व में नगरपालिका चेयरमैन ममता देवी, अंकित अग्रवाल, खाटूधाम व्यापार मंडल के मंत्री सोनू जोशी, रविन्द्र सोनी, भाजपा मंडल अध्यक्ष केदार जांगिड, रामगोपाल रामुका, मुकेश हरनाथका, दिनेश शर्मा, नरेश मिश्रा, कैलाश मटोलिया, हैरम्भ रामुका, अभिषेक स्वामी के साथ दर्जनभर महिलाएं सोना, संजू, रेणु, सोनम सरोज के साथ मंजू, शांति देवी आदि मौजूद रही। राजेंद्र सरोज ने बताया कि स्वामी जगतगुरु शंकराचार्य के पद चरण जैसे ही हमारी कुटिया शांति कुंज पर पडे भरपूर उत्साह के साथ सरोज परिवार द्वारा स्वामीजी का चरण पूजन, चरण वंदन और गुरू आराधना तथा आरती की गई। स्वामीजी का अंग वस्त्र और बाबा श्याम का मोमेंटो भेंट कर सरोज परिवार तथा उपस्थित सभी प्रतिष्ठित लोगों ने फूलमालाओं, प्रतीक चिन्ह और दुपट्टे पहनाकर स्वागत सत्कार और अभिनंदन किया। स्वामी जगतगुरु शंकराचार्य ने आशीर्वचन में भारतीय संस्कृति, वेद, वेदांग और उपनिषद् की चर्चा की। इस अवसर पर होटल कृष्णम के निदेशक प्रियांशु सरोज, सरोज परिवार के कृष्ण कौशल, प्रीति सरोज, माधव आदि भी उपस्थित रहे।

### टूटी सड़क बनी ग्रामीणों के लिए मुसीबत



**देवली, (निसं)।** निकटवर्ती कुचलवाडा माताजी ग्राम पंचायत से जुड़ी सडक बदहाल स्थिति में अपनी बदहाली पर आंसू बहा रही है। देवली उपखंड से जुड़ी हुई कुचलवाडा माताजी ग्राम पंचायत की बदहाल सडक विकास के अभाव में पिछले एक दशक से टूटी हुई ग्रामवासियों के लिए मुसीबत बनी हुई है। सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों की लापरवाही के चलते यहां कई ग्राम पंचायत और देवली शहर को जोड़ने वाली कुचल वाडा माताजी ग्राम पंचायत की प्रमुख सडक गहरी गड्ढों में तब्दील हो गई है। क्षेत्रीय विधायक को ऐसे हालातों की जानकारी बखूबी प्राप्त है लेकिन सडक का निर्माण नहीं हो पा रहा है। वहीं जनप्रतिनिधि ऐसे हालातों को गंभीरता से नहीं ले रहे है। ग्रामीण अशोक, नरेश, बाबू लाल राकेश सहित अनेक लोगों का कहना है कि इस सडक को लेकर पिछले लंबे समय से प्रशासन और जनप्रतिनिधियों को अवगत करवा रहे हैं। परंतु इस ओर अभी तक किसी भी अधिकारी व विभाग ने ध्यान नहीं दिया है। क्षतिग्रस्त सड़क के कारण आए दिन वाहन भी क्षतिग्रस्त हो रहे है।